भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1203
उत्तर देने की तारीखः 23 मार्च, 2012

# विद्यालयों में शौचालयों की व्यवस्था करने के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्देश

**1203. श्री नंदी येल्लैयाः**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उच्चतम न्यायालय ने देश के सभी विद्यालयों में लड़कों एवं लड़कियों हेतु पृथक् स्थायी शौचालयों की व्यवस्था करने के लिए राज्यों तथा संघ राज्य-क्षेत्रों के लिए 31 दिसम्बर 2011 के अपने आदेश को 31 मार्च 2012 तक के लिए बढ़ा दिया है तथा बार-बार यह कहा है कि यह शिक्षा के अधिकार (आर॰टी॰ई॰) का अनिवार्य भाग है;

(ख) यदि हां, तो उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार, उपरोक्त अपेक्षा का अनुपालन करने वाले विद्यालयों की राज्य-वार, जिला-वार एवं संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है; और

(ग) उन विद्यालयों का राज्य-वार, जिला-वार एवं संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है जिन्हें अभी भी इस अपेक्षा का अनुपालन करना है?

**उत्तर**

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डा. डी. पुरंदेश्वरी)**

(क): माननीय उच्चतम न्यायालय ने पर्यावरणीय एवं उपभोक्ता संरक्षण प्रतिष्ठान (एनवायरमेटल एण्ड कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन फांउडेशन) बनाम दिल्ली प्रशासन तथा अन्य के मामले में वर्ष 2004 की रिट याचिका (सिविल) संख्या 631 में दिनांक 13 जनवरी, 2012 के अपने आदेश में सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि 31 मार्च, 2012 को या इससे पूर्व सभी स्कूलों में स्थायी शौचालय सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाए और यदि स्थायी शौचालय का निर्माण करना संभव नही है तो 28 फरवरी, 2012 तक या उससे पूर्व स्कूलों में कम से कम अस्थायी शौचालय सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं और इस

आशय का एक शपथपत्र मुख्य सचिवों द्वारा 28 फरवरी, 2012 को या उससे पूर्व दाखिल किया जाए।

(ख) और (ग): जिला शिक्षा सूचना प्रणाली (डीआईएसई), 2010–11 के अनुसार शौचालय सुविधाएं वाले स्कूलों की संख्या के संबंध में राज्यवार एक विवरण संलग्नक में दिया गया है। सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत निर्मित सभी नए स्कूलों में शौचालयों के लिए व्यवस्था है। सर्व शिक्षा अभियान में शहरी क्षेत्रों में स्थित मौजूदा स्कूलों में भी शौचालयों की व्यवस्था है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मौजूदा स्कूलों के मामले में शौचालयों की व्यवस्था पेयजल तथा स्वच्छता मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित पूर्ण स्वच्छता अभियान (टीएससी) के साथ मिलकर की जाती है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा इन सुविधाओं की आवश्यकता का आकलन स्कूल/गांव/ब्लाक तथा जिला स्तर पर आवश्यकता के आधार पर किया जाता है और उनकी वार्षिक कार्य योजना बजट में दर्शाया जाता है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से शौचालय सुविधाओं से संबंधित अपनी आवश्यकताओं का आकलन सर्व शिक्षा अभियान के मानदण्डों के अनुसार करने तथा वर्ष 2012–13 के लिए अपनी वार्षिक कार्य योजना और बजट में शामिल करने हेतु अनुरोध किया गया है।

**संलग्नक**

**विद्यालयों में शौचालयों की व्यवस्था करने के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बारे में माननीय संसद सदस्य श्री नन्दी येल्लैया द्वारा दिनांक 23.03.2012 को पूछे जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1203 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक।**

**जिला शिक्षा सूचना प्रणाली 2010-11के अनुसार शौचालय सुविधाओं वाले स्कूलों की संख्या को दर्शाने वाला विवरण**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कुल स्कूल | शौचालय की सुविधा वाले स्कूल | शौचालय सुविधा से रहित स्कूल |
|---|---|---|---|
| अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह | 406 | 339 | 67 |
| आन्ध्र प्रदेश | 103830 | 84162 | 19668 |
| अरूणाचल प्रदेश | 4440 | 2167 | 2273 |
| असम | 53859 | 36891 | 16968 |
| बिहार | 68327 | 44792 | 23535 |
| चंडीगढ़ | 182 | 178 | 4 |
| छत्तीसगढ़ | 51338 | 30679 | 20659 |
| दादरा और नागर हवेली | 297 | 208 | 89 |
| दमन एवं दीव | 110 | 108 | 2 |
| दिल्ली | 5021 | 5019 | 2 |
| गोवा | 1491 | 1347 | 144 |
| गुजरात | 40743 | 39967 | 776 |
| हरियाणा | 18126 | 17529 | 597 |
| हिमाचल प्रदेश | 17439 | 14612 | 2827 |
| जम्मू और कश्मीर | 27094 | 13224 | 13870 |
| झारखण्ड | 43232 | 31769 | 11463 |
| कर्नाटक | 59456 | 56393 | 3063 |
| केरल | 12901 | 12249 | 652 |
| लक्षद्वीप | 46 | 40 | 6 |
| मध्य प्रदेश | 135815 | 103211 | 32604 |
| महाराष्ट्र | 97225 | 90370 | 6855 |
| मणिपुर | 3760 | 2265 | 1495 |
| मेघालय | 12377 | 6618 | 5759 |
| मिजोरम | 2892 | 2600 | 292 |
| नागालैण्ड | 2825 | 2567 | 258 |
| उड़ीसा | 64239 | 51394 | 12845 |
| पुद्दुचेरी | 709 | 698 | 11 |
| पंजाब | 23435 | 23391 | 44 |
| राजस्थान | 103726 | 96518 | 7208 |
| सिक्किम | 1201 | 1195 | 6 |
| तमिलनाडु | 55029 | 52204 | 2825 |
| त्रिपुरा | 4386 | 3519 | 867 |
| उत्तर प्रदेश | 201042 | 180572 | 20470 |
| उत्तराखंड | 22369 | 20370 | 1999 |
| पश्चिम बंगाल | 87839 | 79584 | 8255 |
| **कुल** | **1327207** | **1108749** | **218458** |

***